शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोटः- सराहनीय कार्य दिनांक- 03.11.2024

थाना तिलहर पुलिस द्वारा चोरी की नियत से गोदाम मे घुसकर चौदीकार पर हमला करने वाले अभियुक्त रतीराम को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम ,अवैध शराब, चोरी , लूट , डकैती, गौ तस्कर , बरामदगी अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ व वांछित अपराधी व वारन्टी की गिरफ्तारी के क्रम मे तिलहर पुलिस टीम द्वारा थाना तिलहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 469/24 धारा 62/305/331(4)/131 बी0एन0एस0 के वांछित अभियुक्त रतीराम पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 03.11.2024 को ग्राम भेदपुर में अभियुक्त रतीराम के घर से गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.08.2024 को वादी श्री राजीव पुत्र स्व0 ब्रजवासी लाल नि0मो0 बक्सरिया थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर की तहरीर के आधार पर थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 469/24 धारा 62/305/131 बी0एन0एस0 बनाम रतीराम पुत्र ताराचन्द व राममूर्ति पुत्र छोटेलाल नि0गण ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य संकलन कर पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त रतीराम पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 03.11.2024 को ग्राम भेदपुर में अभियुक्त रतीराम के घर से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त -

1. रतीराम पुत्र ताराचन्द नि0गण ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र 50 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण –

1. मु0अ0सं0 469/24 धारा 62/305/331(4)/131 बी0एन0एस0 थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

पूछताछ विवरण :- गिरफ्तारशुदा अभियुक्त रतीराम पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 50 वर्ष ने पूछने पर बताया कि साहब मेरे गाँव के राममूर्ति पुत्र छोटेलाल ने मुझसे कहा कि मेरे पास पैसे नही है और खेत मे खाद लगाना है चलो गाँव के गोदाम से खाद चोरी कर लेते है तो मै उनकी बातो मे आ गया और उनके साथ गाँव के पास खाद की दुकान मे रात करीब 03 बजे खाद चोरी करने गया वहाँ हम दोनो लोग दीबार पर चढकर खाद के गोदाम मे घुसे गोदाम पर राममूर्ति को चौकीदार जगपाल जो मेरे गाँव का ही है ने पकड लिया था और मुझे पहचान लिया था चौकीदार मुझे न पकड ले इसलिए मैं भाग गया था। साहब मुझसे गलती हो गयी मुझे माफ कर दीजिए।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री पवन कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. हे0का0 143 विजय प्रताप सिंह कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2035 बोबी कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर